इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम . मिनी रत्न)

INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LTD.
(A Govt. of India Enterprise-Mini Ratna)
CIN: L74899DL1999GOI101707
Website: www.irctc.com, Email: info@irctc.com

छुट्टियों का आनन्द काम के साथ

- आईआरसीटीसी ने “होटल से काम” यानि work from hotel” का एक विशेष पैकेज लाँच किया है, जिसका आप भरपूर लाभ उठा सकते हैं।
- जिसके तहत केरल के विभिन्न स्थलों की पेशकश की जा रही है।
- इसके अलावा अन्य स्थलों के लिए भी उत्कृष्ट पैकेज तैयार किए जा रहे हैं।
- इस पैकेज में आपके लिए यात्रा बीमा, वाईफ़ाई सहित और भी आकर्षक सुविधाएँ दी जा रही हैं। १- कीटाणुरहित कमरें २- कोविड से सुरक्षित रहने के सारे इंतज़ाम

13 May 2021 : आईआरसीटीसी कोविड के मद्देनज़र विश्व के सभी अतिथियों को मेहमाननवाज़ी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए एक अटूट विश्वास फिर से बढ़ाने का प्रयास कर रही है, जिसमें आईआरसीटीसी को प्रयासों का उचित सफलता भी प्राप्त हो रही है।

वर्तमान लॉकडाउन अवधि में आईआरसीटीसी ने होटल के कमरों में एक अलग तरह का ताज़ा और आरामदायक माहौल के साथ कार्य करने वालों के लिए यह विशेष पैकेज लाँच किया है, जिसके तहत कार्य करने के साथ-साथ आराम, आनन्द और सुरक्षा की अनुभूति ले सकते हैं। उनकी दिनचर्या कार्यालय से दूर बैठकर भी कार्य करते हुए एक अलग अनुभूति महसूस कर सकते हैं। इस महामारी में भी कार्य करने वाले अपने आप को आईआरसीटीसी द्वारा दी हुई सुरक्षा कवच में सुरक्षित महसूस कर सकते हैं।

“Work from hotel” अवधारणा के तहत आईआरसीटीसी द्वारा दी गई होटलों की सूची में से पेशेवर अपना मन पसंद स्थान चुन सकते हैं। यात्रा शुरू करने के लिए "यात्रा करने वाले पर्यटक" मुन्नार, थेक्कडी, कुमारकोम, मारारी (एलेप्पी), कोवलम, वायनाड, कोचीन के बीच गंतव्य चुन सकते हैं। पैकेज की अवधि न्यूनतम 05 रातों के लिए होगी जिसे प्रोराटा के आधार पर बढ़ाया जा सकता है। अन्य स्थानों के लिए भी इसी तरह के पैकेज तैयार करने का प्रयास किए जा रहे हैं।

05 रात्रि प्रवास के लिए ट्रिपल अधिभोग पर प्रति व्यक्ति पैकेज 10126/-रुपये से शुरू होता है। 10126 / - पैकेज में डिसइनफ़ेक्टेड कमरे, सभी को 03 बार भोजन, दो बार चाय / कॉफी, वाई-फाई, वाहन के लिए सुरक्षित पार्किंग स्थान, यात्रा बीमा शामिल हैं।सख़्त कोविड सुरक्षा प्रोटोकॉल और उच्च स्तर की स्वच्छता बनाए रखी जाएँगी।

निम्न पैकेजों को https://www.irctctourism.com या IRCTC पर्यटन मोबाइल ऐप - एंड्रॉइड और iOS के माध्यम से ऑनलाइन बुक किया जा सकता है।